मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दौरान प्रस्तावित 24 कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म किए रिओपन; 10 मई से 10 जून, 2025 तक रिओपन की घोषणा

नई दिल्ली, 08 मई 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दौरान पेश किए जाने वाले अपने 24 कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म फिर से खोल दिए हैं। यह निर्णय इच्छुक उम्मीदवारों, विशेष रूप से देश के ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज के क्षेत्रों से, जो प्रारंभिक समय सीमा से चूक गए थे, इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान करने के लिए किया गया है। ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म 10 मई, 2025 से 10 जून, 2025 तक फिर से खोला जाएगा।

आज जारी प्रवेश सूचना में निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म रिओपन करने की सूचना दी गई है।

1. एम.ए. फ़ारसी
2. ईरानोलॉजी में पी जी डिप्लोमा
3. अंग्रेजी अनुवाद प्रवीणता में पी जी डिप्लोमा (सेल्फ फाइनेंस्ड)
4. ब्रॉडकास्ड टेक्नोलोजी में पीजी डिप्लोमा (सेल्फ फाइनेंस्ड)
5. एक्टिंग में पीजी डिप्लोमा (सेल्फ फाइनेंस्ड)
6. आधुनिक फ़ारसी में प्रमाणपत्र (पार्ट टाइम)
7. योग में प्रमाणपत्र (स्ववित्तपोषित) (सेल्फ फाइनेंस्ड इवनिंग)
8. पी.जी. मोलेक्युलर डाइग्नोस्टिक में डिप्लोमा (सेल्फ फाइनेंस्ड)
9. एम.एफ.ए.(मूर्तिकला)
10. एम.टेक (एनवायरमेंटल हेल्थ रिस्क एंड सेफ्टी मैनेजमेंट) सेल्फ फाइनेंस्ड
11. डिज़ास्टर मैनेजमेंट में पी जी डिप्लोमा (सेल्फ फाइनेंस्ड), इवनिंग
12. प्रमाणपत्र (कला प्रशंसा एवं कला लेखन (सेल्फ फाइनेंस्ड-इवनिंग)
13. सर्टिफिकेट (टेक्सटाइल डिज़ाइन) (सेल्फ फाइनेंस्ड-इवनिंग)
14. चीनी भाषा में इंटेंसिव डिप्लोमा
15. इतालवी में एडवांस डिप्लोमा (पार्ट टाइम)
16. पुर्तगाली में एडवांस डिप्लोमा (पार्ट टाइम)
17. आधुनिक फ़ारसी में डिप्लोमा (पार्ट टाइम)
18. पुर्तगाली में डिप्लोमा (पार्ट टाइम)
19. एम.एफ.ए. (कन्सेप्चुअल आर्ट प्रैक्टिस) (सेल्फ फाइनेंस्ड)
20. प्रमाणपत्र (कला एवं सौंदर्यशास्त्र) (सेल्फ फाइनेंस्ड-इवनिंग)
21. संस्कृत में प्रमाणपत्र (पार्ट टाइम)
22. एम.एफ.ए. (कला प्रबंधन) (सेल्फ फाइनेंस्ड)
23. आधुनिक फ़ारसी में एडवांस डिप्लोमा (पार्ट टाइम)
24. एम.एफ.ए. (क्यूरेटोरियल प्रैक्टिस) (सेल्फ फाइनेंस्ड)

ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म https://admission.jmi.ac.in पर उपलब्ध हैं|

जिन उम्मीदवारों ने पहले ही उपरोक्त पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर दिया है, उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पेश किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया अभी चल रही है। संभावित उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश संबंधी प्रश्नों के लिए विश्वविद्यालय के प्रॉस्पेक्टस को देखें।

प्रॉस्पेक्टस में जेएमआई द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के बारे में अद्यतन और व्यापक जानकारी दी गई है; इसमें उनकी पात्रता मानदंड, आवेदन की अंतिम तिथि, प्रवेश परीक्षा की तिथि, पाठ्यक्रम शुल्क और अवधि तथा अन्य विवरण शामिल हैं, ताकि छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया में मदद करने के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके।

प्रोफेसर साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया